**मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–20.05.2026 को कोल ब्लॉक के नीलामी के संबंध में सम्पन्न बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति :–

1. सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना।
2. निदेशक, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना।
3. श्री राजेश कुमार कुशवाहा, सहायक निदेशक (मु0)।
4. श्री विकाश कुमार पासवान, सहायक निदेशक (मु0)।
5. श्री लाल बिहारी प्रसाद, खनिज विकास पदाधिकारी (मु0)।

मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–20.05.2026 को राज्यान्तर्गत अन्वेषित कोल ब्लॉकों की नीलामी के संबंध में समीक्षा की गयी। बैठक में सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा राज्यान्तर्गत अन्वेषित कोल ब्लॉकों के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया।

2– सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया गया कि राज्यान्तर्गत भागलपुर जिला में CMPDIL, राँची द्वारा कुल 06 कोल ब्लॉक का अन्वेषण किया गया है। अन्वेषित ब्लॉक की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| S.No. | Block | Block Category | Area (sq. km.) | Measured (mt) | Indicated (mt) | Resources (mt) | Exploration Status | Grade |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mirzagaon North | MMDR | 16.61 | 1156.36 | 0.00 | 1156.36 | Explored | G12 |
| 2 | Mirzagaon South | MMDR | 20.33 | 459.11 | 0.00 | 459.11 | Explored | G12 |
| 3 | Rajgaon North | MMDR | 27.75 | 0.00 | 3056.38 | 3056.38 | Regionally Explored | G12 |
| 4 | Rajgaon South | MMDR | 30.63 | 0.00 | 3170.07 | 3170.07 | Regionally Explored | G12 |
| 5 | Mandar Parbat | MMDR | 13.10 | 330.73 | 9.62 | 340.35 | Explored | G12 |
| 6 | Lakshmipur North | MMDR | 14.90 | 0.00 | 1035.00 | 1035.00 | Regionally Explored | G11 |
| **Total** | | | **132.32** | **1946.20** | **7271.07** | **9217.27** | | |

3– उपरोक्त में से एक कोल ब्लॉक कहलगांव एवं शेष कोल ब्लॉक पीरपैंती में अवस्थित है। उक्त सभी कोल ब्लॉक का ग्रेड G11 – G12 है, जो पावर प्लांट इंडस्ट्रीज के लिए उपयुक्त है। कोल ब्लॉक का नीलामी Coal Mines (Special Provisions) Act, 2015 एवं

MMDR Act, 1957 के प्रावधानों की तहत कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की जाती है। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार उक्त कोल ब्लॉकों की नीलामी हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराते हुए ई—नीलामी की तिथि 21.06.2024 निर्धारित की गयी थी, जिसमें किसी भी निविदादात्ता द्वारा भाग नहीं लिया गया। पुनः कोल ब्लॉक की ई—नीलामी के लिए भारत सरकार द्वारा निविदा प्रस्तावित है। कोयला एवं खान मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा कोल ब्लॉक के नीलामी संदर्भ में किये गये अनुरोध के आलोक में समीक्षोपरान्त निम्न निदेश दिये गयें :—

- राज्य में कार्यरत ताप विद्युत संयत्रों एवं सार्वजनिक उपक्रमों को प्रस्तावित वाणिज्यिक कोल ब्लॉक के ई—नीलामी में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाय।
- प्रस्तावित कोल ब्लॉक के ई—नीलामी में अधिकाधिक एजेंसियों के भाग लेने हेतु प्रचार—प्रसार का कार्यक्रम आयोजित किया जाय।
- अन्य राज्यों में कोल माइनिंग के क्षेत्र में काम करने वाले कम्पनियों को भी राज्यान्तर्गत अवस्थित कोल ब्लॉक के प्रस्तावित ई—नीलामी में भाग लेने हेतु यथासंभव आमंत्रित किया जाय।

**अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।**

ह0/—
(प्रत्यय अमृत)
मुख्य सचिव, बिहार

ज्ञापांकः— प्र0—III-(वृ0ख0)—04/2025—3495/एम0, पटना, दिनांकः—01/06/26
प्रतिलिपिः— मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

29/05/26
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः— प्र0—III-(वृ0ख0)—04/2025—3495/एम0, पटना, दिनांकः—01/06/26
प्रतिलिपिः— समाहर्त्ता, भागलपुर/खनिज विकास पदाधिकारी, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29/05/26
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः— प्र0—III-(वृ0ख0)—04/2025—3495/एम0, पटना, दिनांकः—01/06/26
प्रतिलिपिः— सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक कोषांग/मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29/05/26
सरकार के अपर सचिव